566740

**D 113499** **(Pages : 3)** **Name.......................................**

**Reg. No...................................**

# FIRST SEMESTER (CUFYUGP) DEGREE EXAMINATION NOVEMBER 2024

Hindi

HIN1FA102(2)—HINDI BHASHA MEIN SANCHAR AUR RACHANATMAK LEKHAN—BHAG I

(2024 Admission onwards)

Time : One Hour and a Half Maximum : 50 Marks

## खंड (क)

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का 2 अंक है । अधिकतम 16 अंक मिल सकते हैं :

1 संविधान में नागरिक के मौलिक अधिककारों के बारे में क्या क्या बताये गये हैं ?

2 'रेत समाधि' नामक कृति पर कौन-सा पुरस्कार मिला था ?

3 ''निर्मला के जीवन विपरीत परिस्थितियों से जूझती हुई आगे बढती रही'' इस पर विचार प्रकट कीजिए ।

4 ''कहि रहीम संपत्ति सगे, बनत बहुत बहुरीत ।

विपत्ति कसौटी जे करै, तेई साँचे मति'' ।।—इन पंक्तियों की व्याख्या कीजिए ।

5 दिए गए खंडे से कर्ता, कर्म, क्रिया और कारक को चुनकर लिखिए :

ताँदनी छिटक रही थी । चाँद का रंग नीला था । चाँदनी भी सफेद न होकर हल्की-हल्की नीली थी । पेड़ों का रंग इस चाँदनी में गहरा नीला हो गया था । दूर तक पेड़ों के झुटमुट नज़र आ रहे थे । इस उपग्रह में और कोई प्राणी नहीं था, न ही कुछ जन्तु की आवाज़ थी । कभी कभी नीले पेड़ों से उसाँसें निकलती थीं । पेड़ों का हिलना, साँस लेना वातावरण की शान्ति को भंग करता था ।

6 दिए गए खण्ड से संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण चुनकर लिखिए :

विवेक अपनी सफलता पर चमत्कृत था । पिछले दिनों से अपने इस विचार को लेकर वह बहुत उद्विग्न था । मन-ही-मन उसने तय किया कि सबसे पहले यह खबर अपने पिता को देगा । उसकी चेतना में पिता की बातें अनवरता उत्पाद-सा मचाती रहती थीं । अपने पिता का वह बहुत आदर करता था । यह खबर पिता को देकर वह अज्ञात चुनौती के विरुद्ध अपनी जीत दर्ज कराना चाहता था ।

**Turn over**

566740

7 'ग्राम दृष्टि' कविता में कवि पन्तजी ग्रामीण नयन से विश्व को किस प्रकार देखते-परखते हैं ? व्यक्त कीजिए ।

8 ''माया दीपक नर पतंग, भ्रमि भ्रमि इवैं पडंत ।

कहै कबीर गुरु ग्यान थैं, एक आधा उबरंत ।।''—इन पंक्तियों की व्याख्या कीजिए ।

9 वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :

(क) उसका आँसू बहने लगा ।

(ख) मैं कपडे नहीं दिया हूँ ।

(ग) मैं ने इसी रोटी खाया है ।

(घ) हम दोनों वह समय छत पर बैठा था ।

10 चूडामणि, मार्तण्ड और बुलाकीदास का संवाद अपने शब्दों में वार्तालाप के रूप में लिखिए ।

(16 marks)

## खंड (ख)

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का 6 अंक है । अधिकतम 24 अंक मिल सकते हैं :

11 'निद्राखोर' कहानी का सारांश लिखकर उसके उद्देश्य को व्यक्त कीजिए ।

12 मनु के मन के विचारों को 'आशा' कविता में किस प्रकार व्यक्त किया गया है ? स्पष्ट कीजिए ।

13 ''धीर वीर गंभीर शिखर पर हिमगिरि अटल अचल में

उत्ताल तरंगाघात प्रलय घन गर्जन जलधि प्रबल में

क्षिति में, जल में, नभ में, अनिल अनल में

सिर्फ एक अव्यक्त शब्द-सा चुप, चुप, चुप है गूंज रहा सब कहीं'' । इन पंक्तियों की काव्य सुन्दरता का वर्णन कीजिए ।

14 अनुवाद कीजिए :

(क) हिन्दी से अंग्रेज़ी में-

मैं परमानन्द की सोने की घडी उठाकर यह कहता भागा कि अगर दो घंटे के अंदर रूपया न दिया तो घडी मैं बेच दूँगा । हाँफते हाँफते पहुँची तो अंगूठी ज़मीन तले के गटर में गायब हो चुकी थी ।



11143

566740



(ख) अंग्रेज़ी से हिन्दी में-

I am extremely glad to note the progress of Hindi in South India. A common language for the whole India is a necessity. There are many as advantages in making Hindi the national language. There is no possibility of Hindi endangering the provincial languages. Hindi is a fine rope with which to bind the whole of India together.

15 संक्षेपण कीजिए :

मैं खुश हो गई । पाँच साल की थी न, इसलिए यह पता नहीं चला कि पहली बार ही बनवाने में बाबा को कितनी मुश्किल आयी थी और साल भर तक घर के हर खर्चे का हिसाब लगाते समय बाबा उस अंगूठी की कीमत बताया करते थे । इसी पर एक दिन दादी ने गुस्से में अंगूठी चूल्हे में डाल दीं लो ठंडक पडी तुम्हारे अंदर, लो यह लो और लो कहती हुई । दादी अपनी चूडियाँ, कडे और लच्छे भी आग में झौंकने लगीं थी कि मैं ने पीछे से उन्हें थाम लिया । मैं ने इसलिए चिढती थीं दादी । माँ ने बीच बचाव किया नहीं कि दादी का पारा गरम । फिर दादी पता नहीं क्या क्या बकने लगतीं ।

(24 marks)

## खंड (ग)

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 10 है :

16 'उपग्रह में' कहानी में वैज्ञानिकता और प्रकुति प्रेम का चित्रण है—स्पष्ट कीजिए ।

17 महादेवी वर्मा ने दीपक को किसका प्रतीक बन कर दिखाया है ? व्यक्त कीजिए ।

(1 × 10 = 10 marks)

566740